राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग

Email:-np_ntd@yahoo.in
Phone:-02953-233526

# कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द (राज०)

क्रमांक / न.पा.नाथ / भूमि / 2022 / दिनांक :–

## ऑनलाईन निलामी सूचना

## *E-Auction program of commercial plots in nagar palika nathdwara, April 2022*

| | | |
|---|---|---|
| अमानत राशि जमा कराने/निलामी बोली प्रारंभ की दिनांक | :– | 05.05.2022 प्रातः 11:00 बजे |
| अमानत राशि जमा करवाने की अंतिम दिनांक | :– | 09.06.2022 प्रातः 11:00 बजे |
| निमाली बोली की अंतिम दिनांक | :– | 10.06.2022 दौपहर 12:30 बजे |

शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय से किसी भी समय में देखी जा सकती है।

| क.स. | नाम योजना | भुखण्ड नम्बर | साईज | नाम वर्ग फिट में | न्युन्तम बोली दर | अमानत राशि (2%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गणेश टेकरी, 120 फिट रोड | 4 | 10X20 | 200Sq Feet | 8360/Sq. feet | 34000 |
| 2. | | 5 | 10X20 | 200Sq Feet | 8650/Sq. feet | 35000 |
| 3. | | 6 and 8 | 10X20 | 200Sq Feet | 7000/Sq.feet | 28000 |
| 4. | | 9 To 13 | 10X20 | 200Sq Feet | 6500/Sq. feet | 26000 |
| 5. | | 15 and 16 (Corner) | 10X20 | 200Sq Feet | 7000/Sq. feet | 28000 |
| 6. | | 17 To 32 | 10X20 | 200Sq Feet | 6500/Sq. feet | 26000 |
| 7. | | 33 and 34 (Corner) | 10X20 | 200Sq Feet | 7000/Sq. feet | 28000 |
| 8. | | 35 To 50 | 10X20 | 200Sq Feet | 6500/Sq. feet | 26000 |
| 9. | | 51 and 52 (Corner) | 10X20 | 200Sq Feet | 7000/Sq. feet | 28000 |
| 10. | | 53 To 76 | 10X20 | 200Sq Feet | 6000/Sq. feet | 24000 |
| 11. | | 77 and 78 (Corner) | 10X20 | 200Sq Feet | 7000/Sq. feet | 28000 |
| 12. | | 79 To 103 | 10X20 | 200Sq Feet | 6000/Sq. feet | 24000 |
| 13. | | 104 (Corner) | 10X20 | 200Sq Feet | 7000/Sq. feet | 28000 |
| 14. | | 111 To 128 | 15X30 | 450Sq feet | 6000/Sq Feet | 54000 |
| 15. | | 129 and 130 (Corner) | 15X30 | 450Sq feet | 7000/Sq Feet | 63000 |
| 16. | | 131 To 153 | 15X30 | 450Sq feet | 6000/Sq Feet | 54000 |
| 17. | | 154 (Corner) | 15X30 | 450Sq feet | 7000/Sq Feet | 63000 |
| 18. | | 155 (Corner) | 10X20 | 200Sq feet | 7000/Sq Feet | 28000 |
| 19. | | 156 To 174 | 10X20 | 200Sq feet | 6000/Sq Feet | 24000 |

### निलामी शर्ते :–

1. प्रत्येक बोली लगाने वाले व्यक्ति/फर्म को ई–ऑक्शन हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए नीलामी से पुर्व मात्र 2 प्रतिशत अमानत राशि (EMD) जमा करवानी होगी। उक्त धरोहर राशि प्रति भुखण्ड पृथक–पृथक जमा करवानी होगी जो बोली समाप्ती के पश्चात् सफल बोली दाता की राशि छोड़कर शेष बोलीदाताओं पुनः लोटा दि जावेगी। उक्त राशि पालिका संख्या 50200060718981 IFSC code:-HDFC0004256 में जमा होगी। उक्त राशि जमा पश्चात् HDFC बैंक द्वारा जारी रजिस्ट्रेशन नम्बर के अनुसार सम्बन्धित फर्म/व्यक्ति बोलीदाता उक्त निलामी हेतु निर्मित पोर्टल पर पुर्तियाँ पुर्ण कर बोली प्रक्रिया में भाग ले सकता हैं।
2. E-Auction द्वारा निलाम किये जाने वाले भूखण्ड का नाप मौका अनुसार घट–बढ़ सकता हैं।
3. सफल बोलीदाता की बोली स्वीकृत किये जाने कि दशा में पुर्व में जमा 02 प्रतिशत राशि को जमा मानते हुए 03 कार्य दिवस में नगरपालिका नाथद्वारा के खाते में कुल बोली (क्षेत्रफल X स्वीकृत बोली) का 15 प्रतिशत (पुर्व जमा अमानत को समायोजित) राशि RTGS/NEFT द्वारा जमा करवानी होगी। एवं राशि जमा की सूचना निलामी प्रकोष्ठ में देनी होगी। सफल बोली दाता द्वारा निर्धारित अवधि 03 दिवस में जमा नहीं करवाने पर अमानत राशि जब्त कर भूखण्ड की निलामी निरस्त कर दि जावेगी।

4. सफल बोली दाता को बिड राशि का 35 प्रतिशत निलामी की दिनांक से 240 दिवस की अवधि में जमा करवानी होगी। यदि बिडर 240 दिवस में राशि जमा कराने में असफल रहता हैं तो आगामी 60 दिवस अथा बढ़ाई गई अवधि तक शेष बकाया राशि 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित जमा करवा सकता हैं। ब्याज की गणना नीलामी तिथि से होगी।
5. सफल बोली दाता को बोली राशि का शेष 50 प्रतिशत निलामी दिनांक से 360 दिवस की अवधि में जमा करवानी होगी। यदि बोलीदाता 360 दिवस में 50 प्रतिशत राशि जमा करवाने में अफल रहता हैं तो अगामी 90 दिवस में शेष बकाया 15 प्रतिशत ब्याज की दर से जमा करवा सकता हैं। ब्याज की गणना निलामी तिथि से होगी।
6. बढ़ाई गई अवधि में राशि जमा नहीं करवाने पर पुर्व में जमा 15 प्रतिशत जब्त हो जायेगी एवं भुखण्ड की निलामी निरस्त हो जावेगी।
7. सफल बोलीदाता द्वारा पालिका से जारी मांग पत्र की दिनांक से 15 दिवस में भूखण्ड की सम्पुर्ण राशि जमा करवायी जाती हैं तो वह बीड राशि की 02 प्रतिशत छुट पाने का अधिकारी होगा।
8. बोलीदाता को पेन कार्ड की प्रमाणित प्रति पालिका में जमा करवानी होगी।
9. बोली 100 रूपये के गुणक में स्वीकार होगी।
10. निलाम किये जाने वाले भुखण्ड 99 वर्ष की शहरी जमाबन्दी के आधार पर विक्रय होंगे। लीज राशि व्यवसायिक भूखण्ड हेतु आरक्षित दर के 05 प्रतिशत की दर से तथा आवासीय संस्थानिक व ग्रुप हाउसिंग के भूखण्डों पर 2.5 प्रतिशत की दर से वसुलनीय होगी। यदि बोलादाता द्वारा क्रय भूखण्ड के चालु वर्ष के साथ अग्रीम 10 वर्ष की लीज एक मुस्त जमा करवायी जाती है तो उक्त भूखण्ड का फ्री–होल्ड पट्टा राज्य सरकार द्वारा जारी नियमों के अनुसार किया जायेगा।
11. निलामी निरस्त करने, निलामी अवधि बढाने का अधिकार पालिका के पास सुरक्षित है।
12. निलामी की बोली उस समय तक अस्थाई होगी। जब तक सक्षम अधिकारी उसे स्वीकार न कर दे बोली अस्वीकार किये जाने पर जमाशुदा 1/4 जमा राशि वापस लौटा दी जावेगी।
13. आवासीय/व्यवसायिक भुखण्ड की रजिस्ट्री सफल बोलीदाता को स्वयं करवानी होगी तथा नीलामी में केता द्वारा खरीद किये भूखण्ड पर यदि निर्माण कार्य नहीं करवाया जाता हैं तो 03 वर्ष की अवधि तक जिस भूखण्ड का आकार 1000 वर्ग मीटर तक हो, 05 वर्ष की अवधि तक जिस भूखण्ड का आकार 1000 वर्ग मीटर से 5000 वर्ग मीटर तक हो, 07 वर्ष की अवधि तक जिस भूखण्ड का आकार 5000 वर्ग मीटर तक हो, उन प्रकरणों में भूखण्ड का पजेशन/अधिकार प्राप्त करने की दिनांक से लेवी राशि का भुगतान 01 प्रतिशत की दर से प्रत्येक वर्ष हेतु वर्तमान आरक्षित की दर से संबंधित प्राधिकरण को 03 वर्ष तक करना होगा। जब तक की केता द्वारा अपने भूखण्ड पर निर्माण कार्य नहीं करवा लिया गया हो। अन्यथा भूखण्ड की नीलामी स्वतः निरस्त हो जावेगी।
14. अन्य सभी राजकीय नियमों आदेशों (समय–समय पर यथा संशोधित) की पालना खरीददार को करना होगी तथा भविष्य में इस बाबत् कोई नियम बनाये जावेंगे तो वह व्यवसायिक भूखण्ड पर लागु होंगे।
15. निलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वाारा में निहित होगा, जो समस्त बोलीदाताओं को मान्य होगा।
16. अन्य जानकारी कार्यालय अथवा पालिका की वेबासाईटपर किसी भी कार्य दिवस में देखी या प्राप्त की जा सकती है।
17. उक्त निलामी हेतु प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार सभी लाभ/छुट देय होगी।

(मनीष राठी)
अध्यक्ष
नगरपालिका नाथद्वारा

(कौशल कुमार खटूमरा)
आयुक्त
नगरपालिका नाथद्वारा

**दुरभाष नम्बर :– 02953–233526,**
**मोबाईल नम्बर :– 7014042714, 8003448227**